प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरशोर से जारी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु श्री नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल होंगे।

****

कांग्रेस की कार्य समिति की बैठक राजधानी नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ पार्टी नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी के अन्य नेता उपस्थित रहे। इस बैठक में श्री खरगे ने पार्टी के नवनिर्वाचित सांसदों को चुनाव जीतने पर बधाई दी। इसके अलावा शाम को नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों और राज्येसभा सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल की भी बैठक होगी।

****

पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह राज्य में विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और अवैध खनन को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी जोनल पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक और जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारागार होटवार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान लोकसभा चुनाव परिणामों के उपरांत के राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

****

राजधानी रांची के कोकर औऱ तुपुदाना, रामगढ़ के पतरातू और हजारीबाग के बरही औद्योगिक क्षेत्र में सोलह नए औद्योगिक संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जियाडा की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी की बैठक में इन उद्योगों को लगाने के लिए मिले आवेदनों को मंजूरी दे दी गई. इस बैठक में रामगढ़ के गोला और चतरा तथा खूंटी में अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने तथा सोलर पैनल लगाने के विषय पर भी विचार–विमर्श हुआ।

****

रांची और सिमडेगा समेत राज्य भर के सभी सिविल कोर्ट में आज विशेष लोक अदालत लगाया गया है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर डालसा की ओर से आयोजित इस विशेष लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना को लेकर दर्ज मुआवजा वादों का निष्पादन किया जा रहा है।

****

गोड्डा जिले में मलेरिया रोधी माह को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसे लेकर विभिन्न प्रखंडों में मलेरिया से संबंधित बैठक की जा रही है।

****

पाकुड़ जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान कर्तव्यों को बेहतर निर्वहन करने वाले दर्जनों पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को सम्मानित किया।

,**************

पलामू जिले में भीषण गर्मी और हीट वेव का आम जनजीवन पर व्यापक असर देखा जा रहा है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा राज्य भर के सिविल कोर्ट और ज्यूडिशियल एकेडमी में स्टेनोग्राफर पद के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो कर दी गई है। इस सिलसिले में आवेदकों का स्किल टेस्ट इस माह की अठारह से बाइस जून तक आयोजित होगा। इस बाबत आवेदक हाईकोर्ट की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

****

पलामू के छत्तरपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय चुरवाही के प्रधानाध्यापक का फंदे से लटका शव स्कूल से बरामद किया गया है। पुलिस शव को कब्जे में कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

****

पाकुड़ जिले के बहिरग्राम रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं महेशपुर थाना क्षेत्र में एक बाइक दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई।

*********समाप्त*********